नाशिक | Monday, 21 September 2026

# 6 जुलाई को भारत मे हो सकता है बड़ा ऐलान, दलाई लामा के उत्तराधिकारी को लेकर चीन मे मचा हड़कंप !

Publisher

Published on 30 Jun 2025



## 90वे जन्मदिन पर दलाई लामा कर सकते है उंत्तराधिकारी की घोषणा, चीन ने बढ़ाई निगरानी, पूरी दुनिया की नजरे भारत पर ।

**नई दिल्ली : 6 जुलाई 2025** की तारीख पर भारत ही नहीं, बल्कि चीन और जापान जैसे देशों की नजरें टिकी हुई हैं। कारण है—**दलाई लामा का 90वां जन्मदिन**, जो न केवल एक आध्यात्मिक अवसर है, बल्कि **वैश्विक राजनीति** के लिहाज से भी अत्यंत महत्वपूर्ण बन चुका है।

**तिब्बती बौद्ध धर्मगुरु 14वे दंलाई लामा** को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि वे अपने **उत्तराधिकारी की घोषणा** इसी दिन कर सकते हैं। इस संभावना ने चीन को चिंता में डाल दिया है क्योंकि तिब्बती बौद्धों का एक बड़ा समुदाय भारत में बसता है और **दलाई लामा** भी लंबे समय से **भारत मे निर्वासन** में रह रहे हैं।

**मैक्लोडगंज मे तैयारियां तेज़, चीन की पैनी निगाहे**
**हिमाचल प्रदेश के मैक्लोडगंज मे दंलाई लामा** के जन्मदिन की तैयारियां जोरों पर हैं। वहीं दूसरी ओर, चीन भी इस आयोजन पर पैनी नजर बनाए हुए है क्योंकि चीन खुद भी दलाई लामा के उत्तराधिकारी को लेकर नियंत्रण चाहता है।

चीन के अनुसार, 1793 की **किंग वंश परंपरा** के अनुसार, अगले दलाई लामा का चयन चीन के अधिकार क्षेत्र में होना चाहिए। जबकि दलाई लामा ने पहले ही यह संकेत दे दिए हैं कि उनका उत्तराधिकारी **चीन के बाहर जन्मा व्यक्ति होगा**।

**पुस्तक मे दिए थे संकेत**

मार्च 2025 में प्रकाशित अपनी पुस्तक **Voice for the Voiceless** में **दलाई लामा** ने संकेत दिया था कि वे अपने **जीवनकाल मे हीं उत्तराधिकारी की घोषणा** करेंगे। ऐसे में 6 जुलाई को इस संदर्भ में कोई बड़ा ऐलान हो सकता है।

### भारत और चीन के बीच आध्यात्मिक कूटनीति का संघर्ष

चीन की मंशा है कि वह तिब्बती धार्मिक परंपराओं पर भी नियंत्रण रखे, लेकिन भारत में बसे **तिब्बती समुदाय** और **स्वयं दलाई लामा** चीन के इस दावे का विरोध करते हैं।

भारत, जहां **दलाई लामा 1959 से निर्वासन** में रह रहे हैं, **तिब्बती शरणार्थियों** को ना सिर्फ **संरक्षण दे रहा है बल्कि तिब्बती संस्कृति** और **धर्म को संरक्षित** रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### दुनिया की निगाहे 6 जुलाई पर

**6 जुलाई को दलाई लामा** क्या घोषणा करते हैं और उस पर चीन कैसी प्रतिक्रिया देता है—यह देखना पूरी दुनिया के लिए अहम होगा। यदि दलाई लामा अपने उत्तराधिकारी की घोषणा कर देते हैं, तो यह धार्मिक के साथ-साथ **राजनीतिक भूचाल** भी ला सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.